# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026


## सुभद्रा योजना 2026: महिलाओं को मिलेगा 50,000 रुपये तक का लाभ

Publisher Published on 13 Jan 2026




ओडिशा सरकार ने राज्य की महिलाओं को आर्थिक सहायता देने वाली प्रमुख योजना **सुभद्रा योजना** (*Subhadra Yojana*) के तहत **₹250 करोड़ से अधिक की धनराशि 18 जनवरी तक महिलाओं के बैंक खातों मे ट्रांसफर करने का ऐलान** किया है। इसके तहत **4,57,681 योग्य महिला लाभार्थियों** को वित्तीय सहायता मिली जाएगी, जिसमें कई नए नाम भी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री की घोषणा

राज्य की डिप्टी सीएम **प्रवाती परिदा** ने बताया कि इस चरण में कुल ₹250 करोड़ बैंक खातों में भेजा जाएगा। इसमें **1,78,398 नई प्रविष्टि वाली महिलाएँ** पहली किस्त के लिए पात्र हैं। वहीं **2,55,265 महिलाएँ**, जिन्हें पहले किस्तों से बाहर रखा गया था, अब दोनों किस्तें एक साथ प्राप्त करेंगी। इसके अलावा **24,018 शिकायतों और जांच के बाद पात्र पाए गए** महिलाएँ भी योजना में शामिल की गई हैं।

### 18 जनवरी तक ट्रांसफर

राज्य सरकार का लक्ष्य है कि पात्र लाभार्थियों का पैसा **18 जनवरी तक उनके बैंक खातों मे सीधा जमा हो जाए**, ताकि किसी भी पात्र महिला को सहायता से वंचित न रहना पड़े। अधिकारियों ने कहा है कि प्रक्रियात्मक या सत्यापन संबंधी देरी के कारण अब तक जिन महिलाओं को राशि नहीं मिली, उन्हें भी इस चरण में पैसा मिल जाएगा।

### सुभद्रा योजना क्या है ?

सुभद्रा योजना ओडिशा सरकार की एक प्रमुख महिला सशक्तिकरण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य की महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को **पाँच वर्षों मे कुंल ₹50,000** की सहायता मिलेगी, जिसमें हर वर्ष दो किश्तों में **₹10,000** सीधे उनके बैंक खातों में भेजे जाएंगे। पहली किश्त और बाद की किस्तों का वितरण योजनानुसार पिछले वर्ष से जारी है।

### लाभार्थियों की विस्तृत सूची

राज्य सरकार ने यह भी बताया कि योजना में शामिल होने के लिए महिला को निर्धारित आयु और पात्रता मानदंडों को पूरा करना आवश्यक है। वहीं, e-KYC और DBT जैसी प्रक्रियाओं को पूरा करने वाले पात्र महिलाएँ ही लाभ प्राप्त कर पा रही हैं।

सुभद्रा योजना ओडिशा के महिला समुदाय में आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, और इस नए चरण के साथ अधिक महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.